राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
बीज भवन, पूसा परिसर
नई दिल्ली – 110012

संख्याः 1-14(2014-15)/हिन्दी/एनएससी                                                       दिनांकः 03 सितम्बर, 2014

**विषयः वर्ष 2014 - 15 के लिए हिन्दी की विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन।**

एनएससी मुख्यालय तथा क्षेत्रीय एवं प्रक्षेत्र कार्यालयों तथा फार्मों में 12 सितम्बर, 2014 से 26 सितम्बर, 2014 तक हिन्दी पखवाड़ा मनाया जायेगा तथा मुख्य समारोह 26 सितम्बर, 2014 को आयोजित किया जाएगा। हिन्दी दिवस 14 सितम्बर, 2014 को रविवार अवकाश का दिन होने के कारण हिन्दी पखवाड़े का प्रारम्भ शुक्रवार अर्थात 12 सितम्बर, 2014 को 'हिन्दी आलेखन-टिप्पण प्रतियोगिता' के आयोजन से किया जायेगा। हिन्दी पखवाड़े के दौरान मुख्यालय में आयोजित की जाने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं का विवरण इस प्रकार है –

**1. हिन्दी आलेखन-टिप्पण प्रतियोगिता (12 सितम्बर, 2014)**

इस प्रतियोगिता का समय दो घंटे रहेगा। इसमें सरकारी कार्यालयों के कामकाज में प्रयुक्त होने वाली टिप्पणियों / प्रारूपों से सम्बन्धित प्रश्न होंगे। भारत सरकार की राजभाषा नीति से सम्बन्धित प्रश्न भी होंगे। यह प्रतियोगिता 12 सितम्बर, 2014 को अपराह्न 03.00 बजे से अपराह्न 05.00 बजे तक आयोजित की जाएगी।

**2. हिन्दी टंकण प्रतियोगिता (16 सितम्बर, 2014)**

यह प्रतियोगिता 16 सितम्बर, 2014 को पूर्वाह्न 10.30 बजे आरम्भ होगी। इस प्रतियोगिता के संबंध में कृपया नीचे लिखी बातों का ध्यान रखेंः

1) हिन्दी टंकण की यह प्रतियोगिता कम्प्यूटर पर हिन्दी टंकण की प्रतियोगिता है।
2) टंकण प्रतियोगिता के लिए 5 मिनट का समय दिया जाएगा।
3) **न्यूनतम 25 शब्द प्रति मिनट की गति प्राप्त न कर सकने वाला प्रतियोगी पुरस्कार प्राप्त करने का हकदार नहीं होगा।**

**3. हिन्दी ज्ञान प्रतियोगिता (23 सितम्बर, 2014)**

इसमें हिन्दी के सामान्य ज्ञान, व्याकरण, हिन्दी अनुवाद, हिन्दी साहित्य के ज्ञान से संबंधित प्रश्न पूछे जायेंगे। यह प्रतियोगिता दो घंटे की अवधि की होगी और 23 सितम्बर, 2014 को पूर्वाह्न 10.30 बजे से 12.30 बजे तक आयोजित की जायेगी।

**4. हिन्दी कविता पाठ प्रतियोगिता (26 सितम्बर, 2014)**

यह प्रतियोगिता हिन्दी पखवाड़े के समापन वाले दिन अर्थात् 26 सितम्बर, 2014 को आयोजित की जाएगी तथा प्रतियोगिता के समाप्त होने के तुरन्त बाद कविता पाठ प्रतियोगिता के पुरस्कार विजेताओं की घोषणा की जाएगी। **इच्छुक अधिकारी / कर्मचारी जो इस प्रतियोगिता में भाग लेना चाहते हों, अपनी टाईप की हुई कविता की पांच प्रतियां राजभाषा कक्ष को 15 सितम्बर, 2014 तक अवश्य भिजवा दें।** कृपया इस प्रतियोगिता में निम्नलिखित बातों का ध्यान रखेंः

1) प्रतियोगी अपनी लिखी हुई (स्वरचित) या किसी अन्य कवि की लिखी हुई कविता का पाठ कर सकता

है, लेकिन अपनी लिखी हुई कविता के लिए 100 में से 10 अंक सुरक्षित रखे जायेंगे। अपनी लिखी हुई कविता (स्वरचित) के संबंध में प्रतियोगी को घोषणा करनी होगी कि यह कविता उसके स्वयं के द्वारा लिखी गई है।

2) जो प्रतियोगी बिना देखे अर्थात् याद करके (कण्ठस्थ) कविता का पाठ करेगा, उसके लिए भी 100 में से 5 अंक सुरक्षित रखे जायेंगे।

3) जो प्रतियोगी शुद्ध उच्चारण तथा कविता के विषय के अनुसार समुचित हाव-भाव के साथ कविता का पाठ करेगा, उसे अंकों में वरीयता दी जायेंगी।

4) कविता अधिक लम्बी न हो, पांच-सात मिनट में पढ़ी जा सकने वाली कविता होनी चाहिए।

वर्ष 2012 से उल्लिखित चार प्रतियोगिताओं के अतिरिक्त अखिल निगम स्तर पर एक 'हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता' का आयोजन भी किया जा रहा। यह प्रतियोगिता प्रसिद्ध सांसद और हिन्दी के जाने - माने विद्वान एवं लेखक स्वर्गीय शंकर दयाल सिंह की स्मृति में हर साल आयोजित की जाती है। इसे देखते हुए मुख्यालय तथा क्षेत्रीय कार्यालय स्तर पर अलग से हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन **नहीं** किया जायेगा। अखिल एनएससी स्तर पर आयोजित की जा रही हिन्दी निबन्ध प्रतियोगिता का इस वर्ष का विषय है - ***'विलय उपरान्त एकीकृत एनएससी का चहुंमुखी विकास - सम्भावनाएं और सुझाव'***। इस विषय पर निबन्ध के मुख्यालय में प्राप्त होने की ***अन्तिम तिथि 20 सितम्बर, 2014*** है। इस संबंध में दिनांक 03 सितम्बर, 2014 का समसंख्यक परिपत्र पहले ही जारी किया जा चुका है।

**उल्लिखित सभी प्रतियोगिताओं में हिन्दीतर भाषा भाषी अधिकारियों / कर्मचारियों के प्राप्तांक में हिन्दी भाषा भाषी अधिकारियों / कर्मचारियों के प्राप्तांक की तुलना में 20 प्रतिशत अंक बोनस स्वरूप जोड़ दिए जाएंगे। हिन्दीतर भाषा भाषियों में असमिया, मणिपुरी, उड़िया, बांग्ला, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, नेपाली, कोंकणी अथवा कश्मीरी मातृभाषा भाषी आते हैं।**

उल्लिखित पांचों प्रतियोगिताओं में सफल प्रतिभागियों को हिन्दी पखवाड़े के समापन समारोह वाले दिन अर्थात् 26 सितम्बर, 2014 को प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। मुख्यालय के जो भी अधिकारी / कर्मचारी उल्लिखित चार प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहते हैं, वे **संलग्न प्रपत्र में अपना आवेदन पत्र भरकर अपने विभागाध्यक्ष / अनुभागाध्यक्ष की संस्तुति के साथ मुख्यालय के राजभाषा कक्ष को 10 सितम्बर, 2014 या इससे पूर्व अवश्य भिजवा दें। कविता पाठ के लिए आवेदन 15 सितम्बर, 2014 तक दिए जा सकते हैं।**

दसों क्षेत्रीय कार्यालयों अर्थात् चंडीगढ़, लखनऊ, बंगलौर, जयपुर, पुणे, हैदराबाद, पटना, चैन्ने, भोपाल और कोलकाता तथा पांचों फार्मों अर्थात् सूरतगढ़, सरदारगढ़, जैतसर, हिसार और रायचूर को हिन्दी पखवाड़ा तथा हिन्दी दिवस मनाने के लिए मुख्यालय द्वारा रु.4000/- प्रति कार्यालय स्वीकृत किए गए हैं। ***सभी क्षेत्रीय तथा फार्म प्रबन्धकों से अनुरोध है कि वे उल्लिखित अनुसार 12 सितम्बर, 2014 से 26 सितम्बर, 2014 तक हिन्दी पखवाड़ा मनाएं।*** प्रतियोगिताओं और पुरस्कारों का निर्णय क्षेत्रीय तथा फार्म प्रबन्धक अपनी आवश्यकताओं का ध्यान रखते हुए स्वयं करें और ऐसा करते समय इस कार्य के लिए उन्हें आबंटित राशि का ध्यान रखें। **हिन्दी पखवाड़े के आयोजन के बाद कृपया चित्र सहित पखवाड़े का विवरण मुख्यालय को रिकार्ड के लिए भिजवायें तथा पखवाड़े पर दिये गये पुरस्कारों पर खर्च की गई राशि का विवरण भी मुख्यालय के राजभाषा कक्ष को उक्त रिपोर्ट के साथ भिजवाये।**

(बिमल दे)
प्रबन्धक (राजभाषा)

**संलग्नः आवेदन पत्र का प्रारूप।**

**वितरणः**

1. मुख्यालय के सभी विभागाध्यक्ष / अनुभागाध्यक्ष को इस अनुरोध के साथ कि वे कृपया अपने अधीनस्थ सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को इस परिपत्र की विषयवस्तु से अवगत करवा दें तथा उल्लिखित प्रतियोगिताओं में

अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए उन्हें प्ररित करें।

2. अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक के निजी सचिव।

3. संबंधित क्षेत्रीय तथा फार्म प्रबन्धक, एनएससी को इस अनुरोध के साथ कि वे उल्लिखितानुसार क्षेत्रीय तथा फार्म स्तर पर हिन्दी की विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करें तथा हिन्दी दिवस समापन समारोह वाले दिन पुरस्कार विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करें। इन आयोजनों के समुचित फोटोग्राफ लेकर एक संक्षिप्त रिपोर्ट के साथ इसे मुख्यालय के राजभाषा कक्ष को भिजवाऐं। सम्भव हो तो इन आयोजनों की रिपोर्ट स्थानीय हिन्दी अखबारों में प्रकाशित करवा कर उसकी कटिंग भी भिजवायें। हिन्दी पखवाड़े के दौरान खर्च की गई कुल राशि का ब्यौरा भी मुख्यालय के राजभाषा कक्ष को भिजवायें।

4. सूचना पट्ट।

***केवल मुख्यालय के लिए***

प्रबन्धक (राजभाषा)
राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड
बीज भवन, पूसा परिसर
नई दिल्ली - 110012.

**विषयः हिन्दी की विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए आवेदन।**

महोदय,

दिनांक 03 सितम्बर, 2014 के परिपत्र संख्या 1-14(2012-13)/हिन्दी/एनएससी के अनुसरण में मैं निम्नलिखित प्रतियोगिता / प्रतियोगिताओं में भाग लेने का इच्छुक हूं -

1) हिन्दी आलेखन-टिप्पण प्रतियोगिता।
2) हिन्दी कम्प्यूटर टंकण प्रतियोगिता।
3) हिन्दी ज्ञान प्रतियोगिता।
4) हिन्दी कविता पाठ प्रतियोगिता। (मेरी कविता की पांच प्रतियां संलग्न हैं - अन्तिम तिथि - 15 सितम्बर, 2014)

*(उल्लिखित प्रतियोगिताओं में से जिन-जिन प्रतियोगितओं में भाग लेना चाहते हों, उन पर सही का निशान लगाएं)*

**मेरा व्यक्तिगत विवरण इस प्रकार हैः**

1. नाम ........................................................................
2. पदनाम ........................................................................
3. विभाग / अनुभाग का नाम ........................................................................
4. मातृभाषा ........................................................................

भवदीय / भवदीया,

(...................................)

**प्रभागाध्यक्ष / अनुभागाध्यक्ष की संस्तुति**